समाज विकास

मूल्य : ₹.१० प्रति, वार्षिक ₹.१००

अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन का मुखपत्र

• सितम्बर २०११ • वर्ष ६२ • अंक ९

उत्कल प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन का प्रांतीय अधिवेशन सम्पन्न

अखिल भारतीय समिति की बैठक में नयी शाखा, सदस्यता एवं फिजूलखर्ची पर सार्थक बहस

Caring for Land and People...

RUNGTA MINES LIMITED

Mine Owners, Ferro Alloy Producer & Mineral Processors



- ***IRON ORE*** *- BF & SPONGE GRADE, BLUE DUST, CRUSHED FINES*
- ***MANGANESE ORE*** *- BF & FERRO MANGANESE GRADE, DIOXIDE, FINES*
- ***LIMESTONE, BAUXITE, QUARTZ, PYROPHYLLITE***
- ***SPONGE IRON*** *LUMPS & FINES*

CORPORATE OFFICE

RUNGTA HOUSE, CHAIBASA 833 201, JHARKHAND, INDIA
Phone: 06582-256861/ 256761/ 256661; Fax: 91- 6582 256442
Email: rungtas@satyam.net.in, Web Site: www.rungtamines.com, GRAM: "RUNGTA"

REGISTERED OFFICE

8A, EXPRESS TOWER, 42A, SHAKESPEARE SARANI
KOLKATA 700017, INDIA
Phone: 033-2281 6580/3751; Fax: 91-33-2281 5380; Email: rungta_cal@sify.com

MINES DIVISION

RUNGTA OFFICE
MAIN ROAD, BARBIL 758035, DIST- KEONJHAR, ORISSA, INDIA
Phone: 06767- 275221/277481/ 441; Fax: 91-6767-276161
Email: rungta_bbl@yahoo.co.in, GRAM: "RUNGTA"

SPONGE IRON DIVISION

ORISSA
RUNGTA OFFICE
MAIN ROAD, BARBIL 758035
DIST- KEONJHAR, ORISSA, INDIA
Phone: 06767- 27689/277391/021
Fax: 91-6767-277011

JHARKHAND
RUNGTA OFFICE
SADAR BAZAR, CHAIBASA - 833201
DIST- SINGHBHUM(W), JHARKHAND, INDIA
Phone: 06582-256621/256321
Fax: 91-6582-257521

समाज विकास

◆ सितम्बर २०११ ◆ वर्ष ६२ ◆ अंक ९ ◆ एक प्रति - १० रु. ◆ वार्षिक-१०० रु.

अनुक्रमणिका

क्रमांक	*पृष्ठ संख्या*
चिट्ठी आई है	४-५
सम्पादकीय : हाय! मँहगाई मार गई – ***सीताराम शर्मा***	७-८
अध्यक्षीय : प्रेम-सादगी के साथ भगवान से बात करें – ***हरि प्रसाद कानोड़िया***	९-१०
महत्वपूर्ण योगदानों के बावजूद मारवाड़ी समाज की गलत छवि क्यों? – ***संतोष सराफ***	११
अखिल भारतीय समिति की बैठक की रपट	१३-१४
दहेज की बलिवेदी पर एक और भेंट चढ़ी	१४
समाज तथा राष्ट्र के लिए दहेज घातक	१५
अमृतवाणी : कल्पवृक्ष	१५
पर्यटन मंत्री रछपाल सिंह की पहल	१७
अखिल भारतवर्षीय समिति सदस्यता सूची	१८-२३
मेधावी विद्यार्थियों को मामराज पुरस्कार	२५
महंगाई से त्रस्त आम आदमी – ***रामअवतार पोद्दार***	२६
कविता – मैं अन्ना हूं – ***प्रेमलता खंडेलवाल***	२६
हंसगुल्ले	२७
प्रान्तीय समाचार – उत्कल प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन का प्रांतीय अधिवेशन	२८
प्रान्तीय समाचार – भ्रष्टाचार के विरुद्ध जबलपुर बन्द	२९
प्रान्तीय समाचार – आन्ध्र प्रादेशिक मारवाड़ी शिक्षा कोष ट्रस्ट की रपट	२९
प्रान्तीय समाचार – बिहार प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन की रपट	३०
हास्य कथा – अक्खड़ स्वभाव का राजपूत और बनिया – ***नथमल केडिया***	३१-३२
SMS की दुनिया / कविता : अन्ना – ***शिव सारदा***	३४
देहदान	३४

स्वत्वावधिकारी

अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन ◆ १५२बी, महात्मा गांधी रोड, कोलकाता - ७००००७

फोन : ०३३-२२६८ ०३१९ ◆ email: aimf1935@gmail.com

के लिये श्री भानीराम सुरेका द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित तथा

सीडीसी प्रिंटर्स प्रा. लि., ४५, राधानाथ चौधरी रोड, कोलकाता - ७०००१५ से मुद्रित

प्रधान संपादक : सीताराम शर्मा

प्रकाशित रचनाओं से सम्पादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है।

चिट्ठी आई है

शोक संदेश

यह जानकर गहरा हृदयाघात हुआ कि अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के पर्व अध्यक्ष नंद किशोर जी जालान एवं हनुमान प्रसाद जी सरावगी का निधन हो गया है। इन दोनो महान हस्तिओं महामानवों के निधन से न केवल अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन को ही अपूरित क्षति हुई है बल्कि पूरे भारतवर्ष सहित राजस्थान साहित्य जगत को एवं अपनी मातृभाषा राजस्थानी की मान्यता के आंदोलन को गहरा आघात पहुँचा है।

जहां एक तरफ नंदकिशोर जी जालान साहित्यकार, मातृभूमि, मातृभाषा के प्रवल समर्थक एवं समर्पित व्यक्तित्व के धनी होने के साथ साथ सादगी, त्याग, सहिष्णुता, अपनत्व व्यवहार कुशलता एवं स्नेह की प्रतिमूर्ति थे। मैं संघर्ष समिति की ओर से इन दोनों महामानवों के निधन पर अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ कि उनके परिजनों, इष्ट मित्रों एवं मारवाड़ी सम्मेलन को इस दुःखद घड़ी में धैर्य प्रदान करने की क्षमता प्रदान करें। मेरे जालान साहब एवं सरावगी साहब से वर्षो से आत्मीय सम्बन्ध रहे है। समाज-विकास मासिक पत्रिका यथासमय मुझे प्राप्त होती रही। इसके लिए मैं जालान साहब एवं सरावगी साहब की आत्मा को शत् शत् नमन करता हूं। हनुमान जी सरावगी पिछले ८ वर्षों से इसकी संघर्ष समिति के राष्ट्रीय महामंत्री रहकर राजस्थानी भाषा की संवैधानिक मान्यता के लिए सराहनीय एवं प्रेरणाप्पद प्रयास किये। दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करने की ईश्वर से कामना करता हूं।

लक्ष्मणदान कविया
संस्थापक
अ.भा. राजस्थानी भाषा मान्यता संघर्ष समिति

सिलीगुडी में बंग भवन का उद्घाटन

मुझे अत्यन्त प्रसन्नता है, यह लिखने में कि सिलीगुड़ी शहर में मारवाड़ी समाज की जनसंख्या के अनुपात में सेवा के कार्य कुछ ज्यादा ही हैं। यहाँ पर अग्रसेन भवन, माहेश्वरी भवन, माहेश्वरी सेवा सदन, तेरापंथ भवन, ऋषि भवन, शिल्पाञ्चल भवन, उत्तरबंग मारवाड़ी भवन, मारवाड़ी पंचायत भवन, भोपाल धर्मशाला, सुखाराम नकिपुरिया भवन, गायत्री भवन, सिलीगुड़ी दार्जिलिंग गौशाला, बालिका विद्यापीठ, हिन्दी हाई स्कूल, आदर्श महाविद्यालय आदि सभी संस्थाएँ आधुनिक सुविधा सम्पन्न एवं अल्प व्यय में उपलब्ध हैं। शर्त केवल एक है कि भोजन निरामिष एवं मादक पदार्थ बर्जित हो। इस शर्त के कारण स्थानीय बंगभाषी समाज इन भवनों का उपयोग अपने काम के लिए नही कर पाते थे।

अभी हाल में यहाँ के प्रसिद्ध उद्योगपति श्री अजित अग्रवाल ने स्थानीय आमिष भोजी समाज के लिए "अमित अग्रवाल फाउण्डेसन बंग भवन" के नाम से एक विशाल एवं बहुमंजिला भवन का निर्माण करवाया है जिसका उद्घाटन गत १३.०८.२०११ को भारत के माननीय वित्त मन्त्री श्री प्रणव मुखर्जी के कर-कमलों द्वारा सम्पन्न हुआ। इस भवन के निर्माण से स्थानीय समाज को काफी सुविधा होगी। श्री अग्रवाल ने इससे पहले सन् २००९ में उत्तर बंग मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल के पास कम आय वर्ग के लोगों के लिए कम खर्च में रहने एवं भोजन की व्यवस्था हेतु एक भवन बनवा कर समाज को अर्पित किया था, यह एक सराहनीय एवं अनुकरणीय प्रयास है।

प्रेषक
ओमप्रकाश अग्रवाल
सिलीगुड़ी

चिट्ठी आई है

गलत सूचना

इस पत्राचार का उद्देश्य आपका ध्यान समाज विकास के मई २०११ अंक में प.वं. प्रादेशिक मा. सम्मेलन के सचिव श्री राम गोपाल बागला द्वारा दी गयी गलत सूचना की ओर आकर्षित करने का है। अपनी इस गलती के एवज में उनका प्रेषित किया पत्र संलग्न है।

मेरा निवेदन है समाज विकास के अगले अंक में इस भूल सुधार को प्रकाशित करें।

आपकी

विमला डोकानिया

क्षमाप्रार्थी

आपको विदित हो कि गत मई २०११ को प्रांतीय सम्मेलन द्वारा समाज विकास में गलती से एक सूचना छप गई थी कि सम्मेलन की १७४, चितरंजन एवेन्यू की आफिस भाड़े पर ली गई थी।

लेकिन वास्तविक स्थिति यह है कि हमारे भूतपूर्व अध्यक्ष श्री लोकनाथ डोकानिया ने अपनी आफिस सम्मेलन को वगैर भाड़े के सम्मेलन का कार्य चलाने हेतु दी। सम्मेलन के वे स्तम्भ थे। जब तलक वे जीवित रहे सम्मेलन के कार्यो से जुड़े रहे।

हमसे गलतफहमी में जो भूल हो गई उसके लिये हम आप से क्षमाप्रार्थी है।

शुभेच्छु

रामगोपाल बागला

महासचिव

पश्चिम बंग प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन

पथ प्रदर्शक

समाज विकास हेतु समाज विकास का विगत ६२ वर्षों का योगदान निश्चयात्मक रूप से अभूतपूर्व है। समाज विकास पत्रिका क्रान्त दृष्टा ऋषि की तरह पथ प्रदर्शक का कार्य भी करती है, और पथ प्रशस्त भी।

दीनदयाल ओझा

जैसलमेर

सराहनीय प्रस्तुति

पूरी सजधज से समाज विकास पत्रिका का नविनांक - जुलाई २०११ मिला। बहुत प्रसन्नता हुई। हार्दिक धन्यवाद। हरियाणा से दूर रहते हुऐ भी समाज विकास मे आप हरियाणा के भी समाचारों को प्रमुखता से प्रकाशित करते है। यह बड़ी उदारता पूर्ण सराहनीय प्रस्तुति है। कृपया इस समाज में हमारी ओर से हार्दिक बधाई एवं अनेकानेक शुभकामनायें सहृदयतापूर्वक सहर्ष स्वीकारें। समाज विकास में कहानी, लघुकथा, हंसगुल्लें आदि का समावेश करके इसकी रोचकता और लोकप्रियता में अत्यधिक वृद्धि कर दी है। अन्य अनेक कॉलम भी बड़े उपयोगी है विचारोतेजक महापुरुषों के विचार समाज विकास की विशेषता है। विश्वास है समाज मे समाज विकास का व्यपक प्रचार एवं प्रसार होगा। अग्रिम धन्यवाद सहित आगामी अंक की प्रतीक्षा में।

आपका

पण्डित बी. एन. मुद्गिल

रोहतक, हरियाणा

बधाई

अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा प्रकाशित समाज का मुखपृस्ठ "समाज-विकास" के संस्करणों में दिन-प्रतिदिन उन्नति हो रही है। अन्नाजी से संबंधित प्रकरण को इस पत्रिका ने अच्छा उजागर किया है, जो आवश्यक था और मारवाड़ी समाज इससे अछूता नहीं रहा – यह प्रशंसनीय है। कई मुद्दो पर खुलकर चर्चा होना और पत्रिका के द्वारा जन-मानस तक पहुँचाना – एक "सेतु" का कार्य है और समय-समय पर जागरुक होते हुए जागरुकता का परिचय देना भी अदम्य साहस एवं हृदय की विशालता का परिचायक है।

"समाज विकास" एवं सम्मेलन से जुड़े समाज – सेवकों को मैं बधाई देती हूँ और समाज की ध्वज-पताका को फहराने का दायित्व सवल, सुदृढ़ एवं बुद्धिजीवी समाजसेवकों के हाथों में रहें – यही मेरी मनोकामना है।

प्रेमलता खंडेलवाल

गुवाहाटी, आसाम

WONDER GROUP
wonder images
one city. one machine. one colour.
Wonder Images
PVT. LTD.
Wonder Images is an ISO 9001 : 2008 certified company with focus on printing for indoor and outdoor advertising across flex, P/E and PVC mediums with printing capacity of 100,000 sq.ft per day.
We have Five state of the art printing machines.(HP UV 2300, HP XLJET 1500, VUTEK 3360, HP LATEX L 65500 & HP Designjet 5500 PS)
Indoor & Outdoor SOLUTIONS
• Front-lit-flex
• Back-lit-flex
• Woven P/E
• Self Adhesive vinyl
• Building wrap
• One way vision
• Vehicle / fleet graphics
• Floor and wall graphics
• Reflective Signage
• Frosted vinyl
• Canvas
• Translite
• Photo realistic poster paper
• Mesh, Tyvek, Yupo
only 1 in eastern India to expertise in printing on woven P/E
Hundreds of colours & media for Indoors
5 State-of -the-art printing machine
Eastern India's Largest Outdoor Printers.
Contact Us:
Amit: 09830425990
Email: amit@wondergroup.in
Works:
Tangra Industrial Estate- II
(Bengal Pottery Compound)
45, Radhanath Chowdhury Road. Kolkata – 700 015
Tel: 033- 2329 8891-92
Fax: 033- 2329 8893

सम्पादकीय

हाय! मँहगाई मार गई

– सीताराम शर्मा

अर्थशास्त्री डॉ. मनमोहन सिंह भारत की अर्थव्यवस्था की दशा एवं दिशा निर्धारित नही कर पा रहे है। एक तरफ पिछले कई महीनों से एक औद्योगिक मन्दी का दौर चल रहा है, वहीं आम आदमी कमरतोड़ महंगाई से त्रस्त है। अर्थव्यवस्था एक अजीब विभेद के दौर से गुजर रही है। सीमेन्ट, इस्पात, गाड़ियों की बिक्री में एक लगातार गिरावट देखने को मिल रही है। शेयर बाजार ठण्डा है। कम्पनियों की बैलेन्स सीट में लाभ के आंकडे निराशाजनक है। देशी एवं विदेशी निवेश दोनों में कमी आ रही है। आश्चर्यजनक रूप से गत एक वर्ष में देश के चार बड़े औद्योगिक घरानों ने देश से दुगनी राशि विदेश में निवेश की है। वित्तमंत्री प्रणव मुखर्जी इसे 'वैश्विक अर्थव्यवस्था' में पूँजी के पलायन की बजाय साधारण स्थिति समझते है। स्पष्टतः निवेशक देश की बजाय विदेशों मे पूंजी पर अधिक लाभ देख रहे है।

दूसरी ओर मांग में गिरावट एवं औद्योगिक मन्दी के बावजूद कीमतें आसमान छू रही है। रिजर्व बैंक ब्याज की दर लगातार बढ़ा रहा है – शायद महंगाई पर अंकुश लगाने के लिये। महंगाई तो थम नहीं रही है, बढ़ती ब्याज दर के चलते घर-कर्ज पर ब्याज का भार लगातार बढ़ रहा है। देखते-देखते ७ या ८ प्रतिशत से घर कर्ज पर ब्याज १२-१३ प्रतिशत तक पहुंच गया है। आम आदमी विशेषकर नौकरीपेशा व्यक्ति के लिये महीने की किश्त चुकाना कठिन होता जा रहा है। इसके चलते कर्ज डूबने की सम्भावना बढ़ती जा रही है।

उद्योग में निवेश की कमी का कारण भी महंगी पूंजी है। इस बढ़े हुए ब्याज की दर पर लाभ कमाने की सम्भावना कम है। राजनैतिक संकट एवं अनिश्चितता के माहौल में कठोर एवं दूरगामी आर्थिक निर्णय संभव नहीं दिख रहे है। युपीए द्वितीय की सरकार घोटाले पर घोटाले से घिरी हुई है। विरोध के चलते संसद प्रायः ठप्प हो गयी है। सरकार एक राजनैतिक अनिर्णय की स्थिति में है। विरोधी दल हावी हो रहे है। सरकार एवं सत्तारूढ़ कांग्रेस दल के बीच विरोधाभास की स्थिति दिख रही है। इतना ही नही सरकार के मंत्री भी विभाजित दिखते है।

अन्ना हजारे के आन्दोलन पर सरकार का रवैया इसका ज्वलन्त उदाहरण है। गृहमंत्री चिदम्बरम एवं वित्तमंत्री प्रणव मुखर्जी के बीच का मत-विरोध अब कोई गुप्त नहीं रहा है। प्रधान मंत्री डॉ. मनमोहन सिंह की चुप्पी असहनीय होती जा रही है। श्रीमती सोनिया गांधी की 'रहस्यमयी' बीमारी ने स्थिति को बदतर बना दिया है।

स्पष्टतः मनमोहन सिंह के नियंत्रण मे कुछ नहीं दिख रहा है। वे सरकार के मुखिया भले ही हों, मगर फैसले दश जनपथ से लिये जाते है। सोनिया गांधी संपूर्ण अधिकारयुक्त है लेकिन उनकी कोई जवाबदेही नहीं है। जिन प्रधानमंत्री की जवाबदेही है उन्हें एक तिनका भी इधर से उधर करने का अधिकार नहीं है। इसके चलते मनमोहन सिंह अपनी स्वच्छ और ईमानदार छवि से बाहर निकलते नजर आ रहे है।

सरकार प्रत्येक २-३ महिने में तेल का दाम बढ़ा रही है जो आम आदमी की सहनशीलता को ोअब चुनौती दे रहा है। गैस के दाम भी पुनः बढ़ने के आसार है। सरकार तेल कम्पनियों पर दोषारोपण कर पल्ला झाड़ने का असफल प्रयास कर रही है। विश्व के अधिकतर एवं दक्षिण एशिया के सभी देशों से महंगा तेल भारत मे बिकता है। केन्द्र एवं राज्य सरकार इसके लिये एक दूसरे को दोषी ठहरा रहे है। महंगाई बर्दाश्त की सभी सीमा लांघ चुकी है।

इस माहौल में लगातार भ्रष्टाचार के आरोप निराशा पैदा करते है। सरकार की विश्वसनीयता में गिरावट आज सबसे नीचे स्तर पर है। अर्थनीति राजनैतिक दांव-पेंच की दासी होकर रह गयी है। अल्पसंख्यक सरकार का एक ही उद्देश्य बच गया है कि राजनैतिक दांव-पेंच एवं लेन-देन के आधार पर ऐन-केन प्रकारेण सरकार को बचाकर रखना। संसद में सांसदों की खरीद-फरोख्त का मामला अब कोर्ट मे विचाराधीन है।

देश की आबादी का ३० प्रतिशत हिस्सा आज भी गरीबी की रेखा के नीचे है। खाद्यान्न - गेहूं एवं चावल के दाम आसमान छू रहे है लेकिन निर्यात जारी है। कृषि क्षेत्र में विकास की दर लगातार नीचे गिर रही है। काले धन पर सरकार अंकुश लगाने में पूरी तरह असफल रही है। सबसे अधिक निराशा की बात है कि सरकार काला धन के विरुद्ध गम्भीर नहीं दिख रही है। अन्ना हजारे को प्राप्त अभूतपूर्व जन समर्थन, विशेषकर युवा वर्ग का, इस तथ्य को स्थापित करता है। देश राजनैतिक एवं आर्थिक संकट से घिरता नजर आ रहा है। कोई स्पष्ट तस्वीर नहीं उभर रही है।

यूपीए द्वितीय की सरकार की लोकप्रियता में लगातार गिरावट आ रही है। प्रधान मंत्री का यह कहना – "वे दोषी है लेकिन उतने नहीं जितना उन्हें दिखाया जा रहा है।" ये लाचारी के शब्द हैं। सरकार अपने ही आचरण के चलते साख गंवाती जा रही है। भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरी सरकार, गठबंधन की मजबूरी के सहारे नही बचती दिखती है। क्या देश समय से पहले आम लोकसभा चुनाव की ओर बढ़ रहा है? क्या २०१२ मे सरकार में परिवर्त्तन होगा? नरेन्द्र मोदी का अनशन प्रधान मंत्री बनने की तैयारी का संकेत देता है – भाजपा के कई नेता आडवानी की रथ यात्रा, सुषमा स्वराज एवं अरुण जेटली का घमासान राजनैतिक उठा-पटक इंगित करता है। इस बीच आम आदमी कराह रहा है – हाय, महंगाई मार गई।

मारवाड़ी समाज करे पुकार, लिखकर भेजे अपने विचार!

"हमारी समस्याएँ, आपका समाधान !!"

क्या आप नहीं सोचते कि अब समय आ गया है एक ऐसी सामाजिक क्रांति का, आन्दोलन का और परिवर्तन का तथा नयी सोच, नये चिन्तन एवं पुनर्वालोकन का? आईए! युवा शक्ति के साथ मिलकर, हम सब एक नये समाज का चिंतन करें जो समाज को नई दिशा प्रदान करें।

विवाह, जन्म दिन, रजत जयन्ती के साथ-साथ अब तो धार्मिक आयोजन भी अत्यधिक खर्चीले व आडम्बरयुक्त होने लगे है। इन पर गंभीर चिंतन आवश्यक है। मृतक संस्कार पर, भयग्रस्त होकर हम मजबूरन ऐसे खर्च करते है, इस पर भी धार्मिक/सामाजिक चर्चा की आवश्यकता है। अतः आपसे निवेदन है कि निर्भय होकर पूर्ण स्वतंत्रता के साथ अपने विचार लिखकर भेजे। इसमें सभी भाग ले सकते है।

सर्वश्रेष्ठ दस (१०) रचनाओं को पुरस्कृत एवं "समाज विकास" में प्रकाशित किया जायेगा और साथ ही पुरस्कार भी।

आप अपना नाम, पता, टेलिफोन नम्बर, ग्रूप A/B/C लिफाफे पर अवश्य लिखें।

उम्र सीमा – 16-35 Group A, उम्र सीमा –35-55 Group B, उम्र सीमा – 55 Above Group C

जमा करने की अन्तिम तिथि ३० नवम्बर २०११

इस पते पर प्रेषित करें :

अध्यक्ष

समाज सुधार उपसमिति

अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन

१५२बी, महात्मा गाँधी रोड, कोलकाता-७००००७

फोन-फैक्स – ०३३-२२६८०३१९

अध्यक्षीय

प्रेम-सादगी के साथ भगवान से बात करें

– हरि प्रसाद कानोड़िया

हम यदि प्रयास करें तो ईश्वर के साथ रह सकते है और उनसे बात कर सकते हैं। हमे संत होने की जरूरत नहीं है। गृहस्थ जीवन, सादगी, भागवत प्रेम, सेवा उच्चतम है। भगवान श्री कृष्ण ने अपने मित्र, शिष्य अर्जुन से कहें है कि त्याग का अर्थ होता है, अपनी इच्छा को त्यागना। कर्म के फल की कामना नही करना है। महाराज जनक राजा थे, उनके पास राज्य की सारी सुख सुवीधा थी। फिर भी वे एक योगी की तरह जीवन यापन करते थे।

ब्रह्मण्य आधाय कर्माणि सङ्गं त्यक्त्वा करोति यः।
लिप्यते न स पापेन पद्मपत्रम् हवाम्भसा।।१०।। अध्याय ५

अर्थात् जो व्यक्ति कर्मफलों को परमेश्वर को समर्पित करके आसक्तिरहित होकर अपना कर्म करता है, वह पापकर्मो से उसी प्रकार अप्रभवित रहता है, जिस प्रकार कमलपत्र जलाशय के कीचड़ जल से। एक कर्म योगी को कर्म करने में खुशी मिलती है, क्योकि वह फल की आशा नहीं करता है। अपना काम निरंतर करते रहता है। जो व्यक्ति फल की इच्छा लेकर कार्य करते है, वे स्वार्थी और मतलबी हो जाते है।

युक्त कर्मफल त्यक्त्वा शान्तिम् आप्नोति नैष्ठिकीम्।
अयुकनः कामकारेण फले सक्तो निबध्यते।।१२।। अध्याय ५

यानि निश्चल भक्ति शान्ति प्रदान करती है। जो व्यक्ति कर्म का फल चाहते है, वे बंध जाते है और वह व्यक्ति त्यागी नहीं होते है। ईश्वर में प्रेम भावना नही रहती है। सच्चे भक्त कर्म करते है, वे फल की इच्छा नही करते है। वे भगवान को चाहते है, उनको पाना चाहते है, उनसे बात करना चाहते है और उनके साथ रहना चाहते है।

St. Augustine कहते है कि हम ईश्वर के पास अपने पैर पे चल कर नहीं जाते है, बल्कि आत्मा के स्नेह से ईश्वर के पास जाते है। जिस तरह सिद्धार्थ शाश्वत सत्य और परम खुशी की खोज में सब कुछ त्याग कर भगवान बुध बनें उसी प्रकार आज भी प्रगति व विकास के लिए खोज जारी है। वह व्यक्ति जो भगवान को पा चुकें है और उनसे बात कर चुकें हैं, उस व्यक्ति के लिए उनकी खोज समाप्त हो गयी है।

बाइबल में हम पढ़ते हैं, कि भगवान ने इन्सान को अपने रूप मे ही बनाया है। Jesus ने त्रिमूर्ति की बात कही है। जिसके तीन अंश परमात्मा, पिता और पुत्र हैं। ईश्वर चेतना बुद्धि, सर्वज्ञानी और सर्वव्यापी है। हिन्दुओं के वेद में जाता है, भगवान अकेले थे और वह अकेलापन महसूस कर रहे थे। तब भगवान ने अपनी इच्छाशक्ति से सृष्टि की रचना की। ईश्वर अपनी सृष्टि का आनंद लेना चाहते है। ईश्वर महान ऊर्जा अथवा ब्रह्मांडीय चेतना के माध्यम से खेलते है। चेतना का अर्थ है, खुद के बारे मे जागरूक होना। विभिन्न धर्म के शास्त्रों में लिखा है कि लोगों ने भगवान से वार्तालाप की है और उनके साथ रहे है। भगवान व्यक्तिगत और अव्यक्तिगत रूप में है। वे प्रकट होते है विभिन्न रूपों में, प्रकाश के रूप में, और वह कंपन के माध्यम से बोलते हैं। निर्माण के समय दुनिया शून्य थी। तभी वहां कंपन हुआ और एक आवाज आई "ओम, आमीन, अमीन"।

भगवान ने मानव और शेर शरीर का रूप धारण कर अफने भक्त प्रह्लाद कि रक्षा की। भगवान विष्णु ने अपने भक्त ध्रुव को आशीर्वाद दिये। संत व्यास जी ने भगवान गणेश जी को वेद लिखाये थे। भगवान शिव जो त्रिदेवों के एक अंश है, उन्होने अपने भक्तों को आशीर्वाद दिया है। स्वामी विवेकानंद जी के अनुसार हिन्दु धर्म ही सारे धर्मों की जननी है। संत तुलसी दास जी कहते है, ईश्वर साकार और निराकार है।

मोसस के बारे मे कहा जाता है, उनमें स्थिरता है, और वे खुद के बारे में नही सोच कर मानवता के कल्याण के विषय में चिन्तत करते थे हब्रू बाइबिल के अनुसार – भगवान मोसस के साथ बात कियें। भगवान सोलोमन के सपने में आयें और उनसे पूछे तुम्हें क्या चाहिए। सोलोमन बोले आप मुझें दूसरों का दर्द समझने वाला हृदय दीजिए।

इस पर भगवान कहते है, तुम अपने लिये लम्बी आयु नहीं मांगे, धन नहीं मांगे, अपने दुशमनों का अंत नही मांगे। तुम अपने लिए कुछ नहीं मांग कर दूसरों के विचारों को समझने का हृदय मांगे। मैं तुम्हारी इच्छा के अनुसार दूसरों को समझने का हृदय उपहार करता हूं और वह धन-धान्य आदि जिसकी अभिलाषा तुमने नही की सभी कुछ दे रहा हूं।

बाइबल में जोब को भगवान के प्यार के लिए परीक्षण पर रखा गया था। उनके बच्चों को उनसे अलग कर दिया गया और उनको रोग भी दिया गया। उनकी पत्नी और मित्र उनका भगवान के प्रति प्रेम और विश्वास देखकर उनकी हंसी उड़ाते थे। फिर भी वे भगवान के लिए लगातार विश्वास बनायें रखे। वे कहते थे एक दिन भगवान आयेंगे और उनकी सारी पीड़ा दूर कर देंगे। अंतः एक दिन भगवान आयें और उन्हें प्यार, खुशी, लम्बी आयु और धन का वर दिये। भगवान वादा करते हैं कि वे हमसे जरूर बात करेंगे। यदि हम हृदय से उनसे प्रेम करते हुए एवं सादगी मे रहते हुए सेवा करते रहेंगे तब हम जरूर उन्हें देख पायेंगे। वे सदा हमारे साथ रहते है और हमें भी उनको हमेशा याद रखना है। हमारा विश्वास और प्रेम भगवान को हमसे प्यार करने में मजबूर करता हैं। अगर हम भगवान को त्याग देंगे तो भी भगवान हमें त्यागे नहीं। हम उनके बच्चे है, ऐसा कहा जाता है कि भगवान हमारे दल मे रहते है। किन्तु मनुष्य उन्हे खोज नहीं पाता है। कोई भी मनुष्य अपने मन की आवाज से यदि भगवान को याद करे तो भगवान उसकी सहायता तथा देखभाल के लिये हमेशा तैयार रहते है। इसका परम उदाहरण भगवान श्री कृष्ण ने अर्जुन के प्रति व्यक्त किया है। उन्होंने स्वयम् अर्जुन को अपना विराट रूप दिखाया। उसे सदा अपनी शरण मे रख कर उनका उद्धार कियें।

मोहम्मद पैगंबर, अहुरा मज्दा, गौतम बुद्ध, चैतन्य महाप्रभु, मीरा, कबीर, सूरदास, परमहंस, योगदानंदा, बामाखापा, राधाकृष्णा ने अपने अपने प्रिय भगवान के साथ बात की है और साथ रहे हैं।

परमहंस योगानंद अपनी आत्मकथा मे लिखें है कि वे कई अवसरों पर भगवान से बात किये है। बचपन मे उन्होंने भगवान की आवाज सुनी थी। एक दिन वह अपने घर पर बिस्तर पर बैठे हुए थे, तो वे प्रेम भाव में थे। वे मन की आंखो से एक रोशनी देखे और उन्हे एक दृश्य दिखाई दिया कि पहाड़ों की गुफाओं मे संत लोग तपस्या कर रहे है। पहली बार रामकृष्ण परमहंस अपने बचपन मे चावल के खेत में भगवान का अस्तित्व महसूस कियें थे। वे खेत मे चल रहे थे। अचानक वहां एक दिव्य रोशनी उनके अंतर मन पर पड़ी। वे उस समय बेहोश होकर गिर पड़े। रामकृष्ण परमहंस मां काली से सिर्फ बात ही नहीं करते बल्कि अपने हाथों से खिलाये भी थे। वे अपने शिष्य को बोलते थे। मैने भगवान को देखा हैं। उनसे बात करता हूं। जिस तरह तुम लोगों के साथ करता हूं। वे कहते थे भगवान को ऐसे प्यार करना चाहिये जैसे मां अपने बच्चों से, पत्नी अपने पति से कोई व्यक्ति अपने धन - दोलत से प्यार करता है। उसी प्रकार भगवान को गहराई से बेचैनी और जिज्ञासा से प्यार करना चाहिए। तभी हम भगवान को देख सकते है और उनसे बात कर सकते है।

एक बार जब रामकृष्ण अपने काशीपुर गार्डेन के घर पर बीमार थे तब पवित्र मां शारदा देवी बहुत बेचैन थी। उस दिन वह देखी – एक काले बालों वाली सांवले रंग की लड़की आई और उनके पास बैठी। उनकों देखते ही समझ मे आ गया यह तो मां काली है। और वे चौंक के बोली :

ओह! मां आप आ गई। मां काली बोली, हां मै दक्षिणेश्वर से आई हूं।

कुछ देर बाद पवित्र मां शारदा देवी देखी उनका गर्दन एक तरफ झुका हुआ हैं। उनसे इसकी वजह पूछी। मां काली बोली कि उनके गले में खुराश है, मेरे मालिक के गले मे भी खड़ास है, और आप के गले मे भी। मां काली बोली – यह सत्य है। इस पर पवित्र मां को मां काली ने समझाया, रामकृष्ण और मै एक ही है। बंद आंख के पीछे कोई अंधेरा नहीं होता है, यह आध्यात्मिक प्रकाश है। यह भगवान के प्रकाश है। उसी प्रकाश मे मां को देखों। यदि तुम एक छोटी सी प्रार्थना करते हो तो भगवान नहीं जाते है। एक तोता की तरह मंत्र का जाप करने से नहीं आते।

प्रेम की गहराई और बेचैनी होगी तो मां काली तभी प्रकट होगी। तुम उस तरह से रो जिस तरह कोई खोया हुआ बच्चा अपनी मां के लिए होता है। वैसे रोना है, जिस तरह डूबता हुआ व्यक्ति अपने को बचाने के लिये पुकारता है। तब मां काली आयेगी। मां हमारे प्यार के लिए तरसती है।

हिन्दुशास्त्र के अनुसार बतलाया गया है कि अगर एक दिन एक रात बिना किसी रुकावट के भगवान को याद करें तो वह जवाब देंगे। स्वामी विवेकानंद अत्यंत गरीबी की अवस्था में थे। उनके पास अपने परिवार के लिये भोजन भी नहीं था। रामकृष्ण के कहने पर स्वामी विवेकानंद मां काली के पास गए। वे मां से कुछ मांग नहीं सके। वे बोले – हे मां मुझे अपना प्यार, ज्ञान और विवेचन शक्ति दो। मां काली ने उन्हें ये सब कुछ दिया। रामकृष्ण कहते है, यदि कोई इन्सान भगवान का नाम ले तो उसका शरीर मन और सब कुछ शून्य हो जाता है।

महत्वपूर्ण योगदानों के बावजूद मारवाड़ी समाज की गलत छवि क्यों?

मारवाड़ियों का इस महानगर में सौ वर्षो से भी पुराना एक गौरवशाली इतिहास है। सच तो यह है कि मारवाड़ियों की वजह से ही इस महानगर की शान भी है। और सिर्फ कोलकाता की ही बात क्यों करें? देश के कोने-कोने में छाये है मारवाड़ी? बड़े-बड़े उद्योग धंधे, कल-कारखानों से लेकर व्यवसाय के ही नहीं बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, कला-सौंदर्य, साहित्य, राजनीति आदि के क्षेत्रों में भी हिन्दीभाषी मारवाड़ियों का महत्वपूर्ण योगदान है और इसे नकरा नहीं जा सकता। आज से लगभग

आज से लगभग ५०-६० वर्षो पूर्व मारवाड़ियों की सिर्फ एक व्यवसायिक भूमिका थी और संभवतः मारवाड़ियों के लिए 'बनिया' शब्द का प्रचलन भी तभी से बढ़ा लेकिन आज का मारवाड़ी वो पुराना वाला बनिया नहीं रहा बल्कि बड़े-बड़े उद्योग-धंधों के द्वारा रोजगार के अवसर प्रदान कर देश चला रहा है। वकालत, डॉक्टरी आदि ने साथ-साथ मारवाड़ी आज प्रशासनिक सेवाओं में भी एक कदम आगे है।

५०-६० वर्षो पूर्व मारवाड़ियों की सिर्फ एक व्यवसायिक भूमिका थी और संभवतः मारवाड़ियों के लिए 'बनिया' शब्द का प्रचलन भी तभी से बढ़ा लेकिन आज का मारवाड़ी वो पुराना वाला बनिया नहीं रहा बल्कि बड़े-बड़े उद्योग-धंधों के द्वारा रोजगार के अवसर प्रदान कर देश चला रहा है। वकालत, डॉक्टरी आदि ने साथ-साथ मारवाड़ी आज प्रशासनिक सेवाओं में भी एक कदम आगे है।

संतोष सराफ
महामंत्री

किंतु यह मारवाड़ी समाज का दुर्भाग्य है कि फिल्मों में आज भी मारवाड़ी समाज की एक बनिये की भूमिका ही नजर आती है, कभी कंजूस बनिये के रूप में मारवाड़ी को दर्शाया जाता है तो कभी भ्रष्टाचार के कर्णधार के रूप में, जो कि सरासर गलत है। उल्लेखनीय है कि मारवाड़ी समाज की यह एक गलत छवि है जबकि मारवाड़ी तो शुरु से ही धार्मिक व सेवाभावी रहा है। सेवा के क्षेत्र में इनका आज भी कोई सानी नहीं। दरकार पड़ी तो लाखों-करोड़ों दान कर सकते है। बड़े-बड़े स्कूल-कॉलेज, अस्पताल, धर्मशाला आदि के माध्यम से सेवा के विभिन्न क्षेत्रों मे समर्पित मारवाड़ी का फिल्म जगत जिस-प्रकार से गलत मूल्यांकन कर रहा है उसका विरोध होना चाहिये। खास बात तो यह है कि आज फिल्म जगत में भी अधिकतर पैसा (धन) मारवाड़ियों का ही लगा है बावजूद, फिल्मों में मारवाड़ी को उसी पुरानी भूमिका मे पेश किया जा रहा है? देश की आजादी में भी मारवाड़ियों की एक अहम् भूमिका रही है। मारवाड़ी सेठों की देश सेवा एवं देश प्रेम को नकरा नहीं जा सकता। सेठ घनश्याम दास बिड़ला, सेठ जमुनालाल बजाज आदि ने देश सेवा में समर्पित भाव से क्रान्तिकरियों को न सिर्फ धन मुहैका कराया बल्कि समय-असमय संरक्षण भी दिया। ऐसे मारवाड़ियों को हमारे फिल्म जगत् ने आज भी एक पुरानी पोशाक पहना रखी है, जो गलत है और इसका अब खुलकर विरोध होना चाहिए अथवा फिल्मकार स्वयं इस सच को स्वीकार कर मारवाड़ी समुदाय की उचित व सही छवि पेश करें।

समाज विकास में वर-वधू परिचय

आपकी पत्रिका 'समाज विकास' ने एक नये 'वर-वधू परिचय' स्तम्भ के अन्तर्गत वैवाहिक सम्बंधों हेतु संक्षिप्त वर-वधू परिचय का निःशुल्क प्रकाशन आरम्भ किया है।

इच्छुक अभिभावकों से अपने विवाह योग्य पुत्र-पुत्री का नाम, शिक्षा, उम्र, जाति, गौत्र, कद, रंग आदि विवरण सम्पादक, समाज विकास, १५२बी, महात्मा गांधी रोड, कोलकाता - ७००००७, फोन व फैक्स ०३३-२२६८ ०३१९ के नाम आमंत्रित है।

Amazing offer to all

Business Economics

Net Marketing. Be an Agent. Enroll at Rs. 500/-
Earn 25% commission or get following gift items:

Digital Camera
10 Subscribers for 3 years

80 Subscribers for 3 years
Complementary BBA/BCA Course Rs. 75,000 from IISD

Desktop Computer
30 Subscribers for 3 years

Laptop Computer
40 Subscribers for 3 years

Mobile Phone
5 Subscribers for 3 years

2GB Pen Drive
OR
Over night travel bag worth ₹ 360/-
for 1 year subscription

100 Subscribers for 3 years
Complementary
MBA Course Rs, 85,000 from IISD

Subscribe Business Economics :

Tick	Term	No. of Issues	Price you pay	Gift Value	Saving	US $	UK £	Gift Option
☐	3 Years	72	1080/-	1080/-	1080/-	144	72	☐ Tie +2GB Pen Drive OR ☐ 8GB Pen Drive ☐ Books
☐	1 Year	24	360/-	360/-	360/-	48	24	☐ 2GB Pen Drive OR ☐ Bag OR ☐ Books
☐	1 Year	24 + Anniversary Issue (Worth ₹ 50)	120/-	NIL	290/-	-	-	☐ Exclusively for Students
☐	1 Year	24 + Anniversary Issue (Worth ₹ 50)	120/-	NIL	290/-	-	-	☐ EXCLUSIVELY FOR SENIOR CITIZENS

A subscriber can buy any latest Book at 15% discount and/or indent against subscription as complementary

Business Economics — Subscription Form

Name : Mr./Ms. ____________________

Address : ____________________

City/District : ____________________

State : ____________ Country : ____________ Pin Code : ☐☐☐☐☐☐

E-mail : ____________ Mobile : ____________ Landline : ____________ STD CODE

REMITTANCE DETAILS :

Enclosed Cheque / DD No. ____________ dated: ________ for Rs. ________ drawn on: ____________

In favour of CONTEMPORARY NEWS PRIVATE LIMITED

Signature: ____________________ date: ____________

Mail this subscription form along with your Cheque / DD to : Pramod Kr. Singh, General Manager, **Business Economics**, 3, Middle Road, Hastings, Kolkata - 700 022, India
Ph : 033 - 2223 0335/0368, Mobile : 93395 19642, E-mail : subscriptions@businesseconomics.in

For Subscription enquiries contact : Kolkata : Shaonli Majumder : 033 2223-0368 • **Mumbai :** Rajendra Singh : 90290 84951
New Delhi : Lala P. Yadav : 98102 10095 • **Kohima :** Povotso Lohe : 94360 05889

अखिल भारतीय समिति की बैठक में

नयी शाखा, सदस्यता एवं फिजूलखर्ची पर सार्थक बहस

अखिल भारतीवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन की अखिल भारतीय समिति की बैठक गत ३ सितम्बर २०११ को भुवनेश्वर (उड़िसा) के जयदेव भवन में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता की सम्मेलन सभापति श्री हरिप्रसाद कानोड़िया ने। अपने विचार व्यक्त करते हुए श्री कानोड़िया ने शादी समारोह में फिजूलखर्ची रोकने पर बल दिया एवं समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने का आहवान किया। अमेरिका का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि सादगी नहीं बरतने की वजह से ही आज वो (अमेरिका) कर्ज में डूबा है। श्री कानोड़िया ने वर्तमान सदस्यता पर असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि सम्मेलन के अखिल भारतीय समाज को देखते हुए इसकी सदस्यता में इजाफा जरुरी है। इसके लिए उन्होंने उपस्थित सदस्यों से भी आग्रह किया। सम्मेलन के पूर्व अध्यक्ष श्री सीताराम शर्मा ने कहा कि सम्मेलन प्रांतों, जिलों एवं नगर शाखाओं में बसता है। प्रांतों से ही केंद्रीय सम्मेलन को उर्जा मिलती है। इसे कई बार दोहराया जा चुका है। प्रांत सक्रिय होने पर केंद्र भी सक्रिय रहेगा। श्री शर्मा ने कहा कि सम्मेलन समाज की अन्य संस्थाओं से भिन्न है। अपने गुणों के साथ हम अपनी खांमियों पर भी चर्चा और चिंतन करते है। समरसता हमारे समाज का गुण है। देश के विभिन्न प्रांतों में हमलोग एकमात्र मारवाड़ी के नाम से जाने जाते है।

श्री शर्मा ने कहा कि समाज तेजी से बदल रहा है। अब यह सिर्फ व्यवसायिक समाज नहीं रहा बल्कि समाज में अब वकील, डॉक्टर, प्रोफेसर, प्रशासनिक अधिकारी व अन्य सम्मानजनक पेशे के लोग भी है। युवक-युवतियां अंतर्जातीय विवाह की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि मारवाड़ी युवा मंच एवं मारवाड़ी महिला मंच को साथ ले समाज सुधार की दिशा में कार्य किया जा सकता है। उच्च शिक्षा कोष का गठन मेधावी छात्रो को अनुदान हेतु किया गया है।

राष्ट्रीय महामंत्री श्री संतोष सराफ ने महामंत्री की रिपोर्ट पढ़ी तथा राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्री आत्माराम सौंथलिया ने आय-व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। उपस्थित सदस्यों की सहमति से गत बैठक की कार्यवाही पारित की गयी।

सम्मेलन के राष्ट्रीय उपाध्याय श्री रामअवतार पोद्दार ने कहा कि दिल्ली अधिवेशन के दौरान एकल सदस्यता पर निर्णय हुआ था लेकिन इस पर गतिरोध बरकरार है। कुछ प्रांत एकल सदस्यता के पक्ष में है तो कुछ इसे नहीं चाहते। श्री पोद्दार ने बताया कि उत्तरांचल में नयी शाखा गठित हुई है। गुजरात में नयी शाखा खोलने के लिए प्रयास किये जा रहे है। नयी शाखा खोलने एवं सदस्यता बढ़ाने के लिए श्री पोद्दार ने उपस्थित सदस्यों से सुझाव देने का भी आग्रह किया।

मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष श्री जितेन्द्र गुप्ता ने कहा कि सम्मेलन समाज की पुरानी संस्था है एवं अपने स्थापत्य काल से ही समाजहित में लगी है। अन्ना हजारे के सफल आंदोलन में भी दो मारवाड़ी शामिल थे। यह गौरव की बात है। दोनों युवा मंच से भी जुड़े है।

पश्चिम बंग प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष श्री विजय गुजरवासिया ने कहा कि समाज को संगठित करने के लिए एकल सदस्यता पर विचार किया जाना चाहिए। श्री रामानन्द अग्रवाल,

दहेज की बलिवेदी पर एक और भेंट चढ़ी

आरती की कटक में रहस्यमय मौत? आरती को जलाकर मारा गया?

सास-ससुर, पति हिरासत में, रतनलाल भामा एवं परिवार के सामाजिक बहिष्कार का आह्वान

कोलकाता निवासी कालूरामजी सिरसीवाल की वहन परमेश्वरी देवी कड़ेल की पुत्री आरती (सुपुत्री स्व. दिनेश कुमारजी कड़ेल) का विवाह गत १० दिसम्बर २००९ को कटक निवासी रतनलाल भामा के पुत्र दीपक भामा के साथ कोलकाता के शोभाराम बैशाख स्ट्रीट (बड़ाबाजार) स्थित राजस्थान ब्राह्मण संघ के सभागार में सम्पन्न हुआ था। आरती के पिता का स्वर्गवास हो जाने के कारण ननिहाल पक्ष कालूरामजी सिरसीवाल एवं परिवार ने शादी की थी। शादी के बाद १८ फरवरी २०११ को दीपक-आरती (दम्पत्ति) को पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई। शादी के बाद से आरती के ससुर रतनलाल भामा एवं उनके परिवारजनों द्वारा दहेज के रूप में मांग को अपनी क्षमता के अनुसार आरती के मामाजी कालुरामजी सिरसीवाल एवं उनके पुत्र दिलीप, अशोक, मदन देते रहे। मदन सिरसीवाल ने बताया कि शादी में तकरीवन पाँच लाख रूपये से अधिक खर्च हुआ था। आरती के ससुर रतनलाल भामा एवं उनके परिवार की दहेज की सभी मांगों को पूरा करना आर्थिक रूप से संभव नहीं था। आरती ने फोन पर कई वार जानकारी दी कि ससुर रतनलाल शराब का सेवन करता है तथा उसका अशोभनीय आचरण है। गत कई महीनों में सास पुष्पादेवी भामा द्वारा झगड़ा किये जाने एवं पति दीपक तथा देवर प्रकाश द्वारा मारने-पीटने की शिकायत भी आरती ने सिरसीवाल परिवार (मामा) से की। गत ९ सितम्ब २०११ की शाम को आरती के देवर प्रकाश ने फोन पर आरती को कोलकाता ले जाने को कहा। उसी दिन रात्रि में ससुर रतनलाल ने फोन पर आरती से बात कराई तथा आरती को कोलकाता नहीं ले जाने पर अप्रिय घटना होने का अंदेशा जताया। अगले दिन १० सितम्बर २०११ को प्रातः ६ बजे रतनलाल भामा ने आरती द्वारा किरासन तेल गिराकर आग से मर जाने की खबर दी। खबर मिलते ही कोलकाता से मदन सिरसीवाल, विकास नारनोली (आरती की बहन पूजा के पति), अशोक सिरसीवाल कटक पहुँचे एवं अस्पताल में आरती की जली हुई लाश देखकर उनके रोंगटे खड़े हो गये। अस्पताल में आरती के गर्भवती होने की भी जानकारी मिली। कटक के स्थानीय थाना में आरती के मौसाजी के पुत्र रमेश वर्मा (ववेरवाल) ने आरती के ससुर रतनलाल भामा, सास पुष्पादेवी भामा, पति दीपक भामा के खिलाफ प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज की। पुलिस ने कार्यवाही करते हुए रतनलाल भामा, पुष्पादेवी भामा, दीपक भामा को गिरफ्तार किया। श्री मैढ़ क्षत्रिय समाज, कटक (ओडीसा) के अध्यक्ष श्री सत्यनारायणजी कुल्थिया ने इस घटना की तीव्र भर्त्सना करते हुए तथा आरोपी रतनलाल भामा एवं उनके परिवार का सामाजिक बहिष्कार का आह्वान करते हुए दोषी / आरोपी व्यक्तियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने की मांग की है ताकि आरती जैसी वहनों-कन्याओं को इंसाफ मिलें तथा दहेज लोलुप परिवार ऐसी घटना की पुनरावृत्ति नहीं कर सके।

श्री रामगोपाल बागला, श्री सुरेन्द्र लाठ, श्री जगदीश चंद्र मूँधड़ा, श्री वसंत मित्तल, श्री गोपी धुवालिया, श्री सूरजमल जैन, श्री विजय डोकानिया आदि ने भी अपने विचार रखें। धन्यवाद ज्ञापन दिया सम्मेलन के संयुक्त महामंत्री श्री संजय हरलालका ने। बैठक में श्री बद्री प्रसाद भीमसारिया, श्री नंदकिशोर अग्रवाल, श्री रामनिवास शर्मा, श्री मनोज कुमार अग्रवाल, श्री राकेश कुमार पोद्दार, श्री संजय अग्रवाल, श्री शिव कुमार कयाल, श्री राधा किशोर सफर, श्री राम प्रसाद भालोटिया, श्री आत्माराम कयाल, श्री नन्दु तांईवाला, श्री प्रेमचंद सुरेलिया, श्री गोविन्द प्रसाद शर्मा, श्री गोविन्द अग्रवाल, श्री रामरतन मोदी, श्री अभय सराफ, श्रीमती अनिता खण्डेलवाल, श्री शिवशंकर दुधवेवाला, श्रीमती नीतू अग्रवाल, श्री सोनू गोलछा, श्री नकुल अग्रवाल, श्री रमानंद शाह, श्री प्रभाष चन्द्र अग्रवाल, श्री बाबुलाल अग्रवाल, श्री गौरी शंकर अग्रवाल, श्री शंकर प्रसाद जैन, श्री राजकुमार अग्रवाल, श्री ईश्वरचंद जैन, श्री विनोद कुमार केजरीवाल, श्री विजय कमार टिबड़ेवाल, श्री श्याम लाल चौधरी एवं रामपाल अग्रवाल नूतन उपस्थित थे।

समाज तथा राष्ट्र के लिए दहेज घातक : सीताराम शर्मा

आडम्बर के विरुद्ध जन-जागृति अभियान आवश्यक : सन्तोष सराफ

दहेज एवं सामाजिक कुरीतियों, आडम्बर, फिजूलखर्च का विरोध करते हुए पहला कदम द्वारा इंडिया अगेन्सट डावरी (दहेज के खिलाफ भारत) सामाजिक हेल्पलाईन नम्बर ९३३१३४८२०१ को प्रेस क्लब, कोलकाता में जारी किया गया। अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के पूर्व अध्यक्ष एवं समाजचिंतक सीताराम शर्मा ने गत १० सितम्बर २०११ को कटक में स्वर्णकार समाज की आरती को जलाकर मारे जाने की घटना की निन्दा की। उन्होंने समाज तथा राष्ट्र के लिए दहेज को घातक बताया। उन्होंने कहा कि मारवाड़ी सम्मेलन तथा मारवाड़ी युवा मंच के कार्यकर्त्ता सामाजिक जागृति लाने के लिए सक्रिय हैं। उन्होंने आरती काण्ड में दोषी व्यक्तियों को कड़ी सजा दिलाये जाने के लिए हर संभव सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया।

समाजसेविका ममता बिन्नानी ने कहा कि दहेज रूपी सामाजिक अभिशाप से मात्र ८ महीने के पुत्र की माँ आरती को जलाकर मारे जाने की घटना मानवता के नाम पर कलंक है। समाज को स्वयं आत्मचिन्तन करना चाहिये। अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के महासचिव संतोष सराफ ने कहा कि विवाह जैसे पवित्र बंधन में आडम्बर फिजूलखर्च रोकने के लिए जन-जागृति अभियान को मजबूत करना होगा। राधेश्याम सोनी, दुलीचन्द ढल्ला एवं वक्ताओं ने आरती को किरासन तेल गिराकर मारे जाने की घटना में दोषी व्यक्तियों को कड़ी सजा दिये जाने की मांग की । पहला कदम के महासचिव जितेन्द्र सोनी ने कहा कि दहेज विरोधी जन-जागृति अभियान के लिए संपूर्ण भारत में संयोजन समिति बनाये जाने के लिए पहला कदम सक्रिय है।

उन्होंने कहा कि आरती को जलाकर मारे जाने की घटना शर्मनाक है। फिजूलखर्च, आडम्बर तथा दहेज से त्रस्त मध्यम वर्ग तथा गरीब परिवारों को सामाजिक न्याय दिलाने के लिए सम्पूर्ण भारत में संगठनों को पहल करनी होगी। दिलीप नारनोली, रतनलाल छापरवाल, उमाशंकर वर्मा, अभिषेक दीवान, पूनम सोनी एवं कार्यकर्त्ता सक्रिय थे।

अमृतवाणी

कल्पवृक्ष

एक बटोही घूमते-घूमते एक मैदान में पहुंचा। कड़क धूप और चलने के कारण वह थककर चूर हो गया था। थकावट दूर करने के लिए वह एक पेड़ की छांव में बैठ गया। उसने मन-ही-मन सोचा, काश मुझे इस समय नरम-नरम बिस्तर मिल जाता तो कितना अच्छा होता, मैं चैन की नींद सो जाता।

बटोही को पता नहीं था कि वह कल्पवृक्ष के नीचे बैठा है। इधर उसके मुंह से यह बात निकली, उधर सुंदर सा नरम-सा बिछौना बिछ गया।

बटोही चकित हुआ और बिस्तर पर लेट गया। उस पर आराम करते ही वह सोचने लगा कि काश इस समय कोई सुंदर-सी स्त्री आकर मेरे पांव दबा देती तो मैं सुख की नींद सो जाता।

मन में इस ख्याल के आते ही तत्काल ही एक युवती वहां आ पहुंची और उसके पैर दबाने लगी।

यह देखकर बटोही के आनंद की कोई सीमा नहीं रही। तभी उसे भूख महसूस हुई। उसने सोचा अभी तक तो मेरी सभी इच्छाएं पूरी हुई, क्या यह पूरी होगी?

इतना सोचते ही उसके सामने नाना प्रकार के व्यंजन आ गये। भरे पेट बिस्तर पर लेटकर वह सोचने लगा कि इस समय यदि बाघ आ जाए तो क्या होगा?

और उसी समय एक बाघ कूद पड़ा और बटोही को खा गया।

संसार में जीवों की भी यही दशा है। साधना करते हुए यदि विषय सुख, धन, यश, मान आदि की इच्छा की जाए तो ऐसी कामना कुछ अंशों में पूरी जरूर होती है, परन्तु बाघ का भय बना रहता है।

– रामकृष्ण परमहंस

With Best Compliments From :-

M/s ROAD CARGO MOVERS (P) LTD.

1, GIBSON LANE, 2ND FLOOR, SUIT NO :- 211
KOLKATA -700 069

Tele No. : 2210-3480, 2210-3485
Fax No. : 2231-9221
e-mail : roadcargo@vsnl.net

BRANCHES & ASSOCIATES AT

DURGAPUR, HALDIA, CHENNAI, HYDERABAD, BANGALORE, ICHAPURAM, BHIVANDI, COCHI, MUMBAI, VIJAYWADA, COIMBATORE, GAZIABAD, PONDICHERRY, VISAKHAPATNAM

पर्यटन मंत्री रछपाल सिंह की पहल

हिन्दी-भाषी स्वयंसेवी संस्थाओं की पूजा उत्सव में सक्रिय भागीदारी

"बंगाल का दुर्गा पूजा उत्सव संभवतः विश्व का सबसे बड़ा उत्सव है। बंगला-भाषी ही नहीं सभी बंगवासी इसे उत्साहपूर्वक मनाते है। सभी हिन्दीभाषी स्वयंसेवी संस्थाएं शरदोत्सव २०११ में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लें एवं स्थानीय संस्कृति के साथ समरसता का उदाहरण प्रस्तुत करें" - ये उद्गार है पश्चिम बंगाल सरकार के पर्यटन मंत्री श्री रछपाल सिंह के जो पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित स्वयंसेवी संस्थाओं की एक बैठक को सम्बोधित कर रहे थे।

बैठक के संयोजक अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के पूर्व सभापति एवं सुपरिचित सामाजिक कार्यकर्त्ता श्री सीताराम शर्मा ने कहा कि यह प्रथम अवसर है जबकि सरकार की ओर से स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों को बातचीत एवं सहयोग के लिये आमंत्रित किया गया है। २२ संस्थाओं के २६ प्रतिनिधियों ने सहयोग का हाथ बढ़ाते हुए विभिन्न प्रस्ताव रखें। पर्यटन मंत्री श्री सिंह ने प्रस्तावों का स्वागत करते हुए बैठक में उपस्थित पर्यटन विभाग के उच्च अधिकारियों को निर्देश दिया कि पर्यटन विभाग संस्थाओं के साथ मिलकर इन प्रस्तावों पर कार्य करें।

श्री सिंह ने पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए सभी संस्थाओं को दुर्गा पूजा के अवसर पर आयोजित पतंग उत्सव में भागीदारी के लिये आमंत्रित किया। कोलकाता के बी.बी.डी. बाग क्षेत्र में स्थित ऐतिहासिक इमारतों की चर्चा करते हुए श्री सिंह ने प्रस्ताव दिया कि एक-एक संस्था एक-एक इमारत को बिजली की रोशनी से सुसज्जित करने का भार ले सकती है। साथ ही सभी संस्थाएं अपने भवनों को रोशनी से सजायें एवं अपने-अपने सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करें। शरदोत्सव में हमें समाज के उस वर्ग का भी ख्याल रखना है जो गरीब एवं कमजोर है। उनके बीच साड़ी - कपड़े वितरित कर उनकी पूजा को भी हम सफल कर सकते है। विभिन्न संस्थाओं ने तत्परता से पूर्ण सहयोग एवं भार लेने की घोषणा की। श्री सिंह ने कहा कि बंगाल में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये वे पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप पर जोर देंगे। उन्होंने बैठक को एक महत्वपूर्ण प्रयास बताते हुए संयोजक श्री सीताराम शर्मा के प्रति आभार व्यक्त किया। बैठक मे उपस्थित पश्चिम बंगाल पर्यटन विकास निगम लि. की प्रबन्ध निर्देशक श्रीमती पी. सरकार ने संस्थाओं के साथ पूर्ण साझेदारी का आश्वासन दिया।

बैठक में विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों के रूप में सर्वश्री प्रह्लाद राय अग्रवाल, रवि पोद्दार, हरिप्रसाद कानोड़िया, हरिप्रसाद बुधिया, भानीराम सुरेका, सन्तोष सराफ, राजेन्द्र खण्डेलवाल, विनोद सिंघानिया, राजीव माहेश्वरी, अमन गोपाल सुरेका, सागर आहलुवालिया, राहुल वर्मा, संजय हरलालका, कैलाशपति तोदी, प्रेमचन्द सुरेलिया, राजेन्द्र सिंह, टिंकु दास, श्रीमती कुसुम मुसद्दी, इना बोस, बबीता दास, जाह्नवी चक्रवर्ती, विशाल पाण्डेय आदि उपस्थित थें।

सम्मेलन अध्यक्ष श्री कानोडिया एवं महामंत्री श्री सराफ ने बी.बी.डी. बाग में एक ऐतिहासिक भवन को बिजली से रौशन करने एवं ५०० साड़ियां वितरण करने का प्रस्ताव दिया।

ALL INDIA MARWARI FEDERATION

AKHIL BHARATIYA SAMMITTEE MEMBERS LIST

ALL INDIA COMMITTEE

NATIONAL OFFICE BEARERS

NAME	PLACE	DESIGNATION
SRI HARI PRASAD KANORIA	KOLKATA	NATIONALPRESIDENT
SRI RAM AWATAR PODDAR	KOLKATA	NATIONAL VICE PRESIDENT
SRI BADRI PRASAD BHIMSARIA	PATNA	NATIONAL VICE PRESIDENT
SRI SANTOSH AGARWAL	RAIPUR	NATIONAL VICE PRESIDENT
SRI RAM KUMAR GOYAL	SECUNDRABAD	NATIONAL VICE PRESIDENT
SRI RAMESH CHAND GOPIKISHAN BANG	NAGPUR	NATIONAL VICE PRESIDENT
SRI OM PRAKASH KHANDELWAL	GUWAHATI	NATIONAL VICE PRESIDENT
SRI SANTOSH SARAF	KOLKATA	NATIONAL GENERAL SECRETARY
SRI SANJAY HARLALKA	KOLKATA	NATIONAL JOINT SECRETARY
SRI KAILASH PATI TODI	HOWRAH	NATIONAL JOINT SECRETARY
SRI ATMARAM SONTHALIA	KOLKATA	NATIONAL TREASURER

EX OFFICIO PAST PRESIDENTS & SECRETARIES

SRI HARI SHANKAR SINGHANIA	NEW DELHI	NATIONAL PRESIDENT
SRI MOHAN LAL TULSIAN	KOLKATA	NATIONAL PRESIDENT
SRI SITA RAM SHARMA	KOLKATA	NATIONAL PRESIDENT
SRI NANDLAL RUNGTA	CHAIBASA	NATIONAL PRESIDENT
SRI RATAN LAL SHAH	KOLKATA	NATIONAL SECRETARY
SRI BHANI RAM SUREKA	KOLKATA	NATIONAL SECRETARY

NOMINATED MEMBERS FOR ALL INDIA COMMITTEE

SRI JAIGOVIND INDORIA	KOLKATA
SRI OM PRAKASH AGARWAL	KOLKATA
SRI N.L. SINGHANIA	KOLKATA
SRI GOPAL AGARWAL	KOLKATA
SRI NAWAL JOSHI	KOLKATA
SRI SHANTI LAL JAIN	KOLKATA
SRI C.K. JAIN	KOLKATA
SRI KANTI CHANDRA GOENKA	KOLKATA
SRI SHAMBHU CHOWDHARY	KOLKATA
SRI MADAN LAL BAMALWA	KOLKATA
SMT.MEENA PUROHIT	KOLKATA
SRI RAJENDRA KHANDELWAL	KOLKATA
SRI SURENDRA KR. TULSIAN	KOLKATA
SRI BISHNU TULSIAN	KOLKATA
SRI SANDIP AGARWAL	KOLKATA
SRI AJIT SAHWAL	KOLKATA
SRI SOURAV AGARWAL	KOLKATA
SRI SANJAY BANKA	KOLKATA
SRI SURYA KARAN SARSWA	KOLKATA
SRI DWARKA PRADSAD DABRIWAL	KOLKATA

SRI RAJ KUMAR BOTHRA, KOLKATA

PATRON MEMBERS

	NAME	PLACE
1	SRI ATUL CHURIWAL	KOLKATA
2	SRI CHIRANJILALL AGARWAL	KOLKATA
3	SRI SHYAM SUNDAR KANORIA	KOLKATA
4	SRI MUKUND RUNGTA	JHARKHAND
5	SRI HEMANT KANORIA	KOLKATA
6	SRI HARSHAVARDHAN NEOTIA	KOLKATA
7	SRI ANIL SONTHALIA	KOLKATA
8	SRI AMIT SHARMA	KOLKATA
9	SRI SANTOSH KUMAR SARAF	KOLKATA
10	SRI RAJESH PODDAR	KOLKATA
11	SRI OMPRAKASH KHANDELWAL	GUWAHATI
12	SRI RAJENDRA KHANDELWAL	KOLKATA
13	SRI VIVEK GUPTA	KOLKATA
14	SRI SAJJAN BHAJANKA	KOLKATA
15	SRI RAMCHANDRA RUNGTA	RAMGARH
16	SRI SITARAM AGARWAL	KOLKATA
17	SRI BISHWAMBHAR DAYAL SUREKA	KOLKATA
18	SRI MAHESH KUMAR AGARWAL	BARBIL
19	SRI VIMAL KUMAR PATNI	KOLKATA
20	SRI HARI PRASAD AGARWAL	KOLKATA
21	SRI MAHESH PERIWAL	RAMGARH
22	SRI RAJ KUMAR SHAH	CHAIBASA
23	SRI ASHOK KUMAR PATAWARI	W. MIDNAPORE
24	SRI SANJAY AGARWAL	RAIPUR
25	SRI MURARILAL SARAOGI	VISHAKAPATNAM
26	SRI VIJAY SHARDA	NEW DELHI
27	SRI SURENDRA KUMAR DALMIA	BHUBANESHWAR
28	SRI JAGDISH PRASAD CHOWDHARY	KOLKATA
29	SRI HARI KISHAN AGARWAL	ROURKELA
30	SRI PRAWEEN AGARWAL	KOLKATA
31	SRI HARI CHARAN GUPTA	KEONJHAR
32	SRI HARI PRASAD BUDHIA	KOLKATA
33	SRI PADAM KUMAR JAIN	CHAIBASA
34	SRI AJAY KUMAR BAJAJ	PATNA
35	SRI MANOJ DHANDHARIA	KOLKATA
36	SRI DHARAM CHAND AGARWAL	KOLKATA
37	SRI BASANT KUMAR AGARWALLA	KOLKATA
38	SRI ARUN AGARWAL	ROURKELA
39	SRI SANTOSH SARAWGI	GIRIDIH
40	SRI RAVINDRA CHAMARIA	KOLKATA
41	SRI VINOD KUMAR AGARWAL	KOLKATA
42	SRI KAMAL KUMAR AGARWAL	RAIPUR
43	SRI AJAY SARAF	HOSPET
44	SRI BAJRANG AGARWAL	SUNDERGARH
45	SRI SANJIB KUMAR PATWARI	KOLKATA
46	SRI SANJAY SUREKA	KOLKATA
47	SRI HARIKRISHNA CHAUDHARY	KOLKATA
48	SRI GANESH PRASAD KANDOI	CUTTACK
49	SRI RAM SWARUP RUNGTA	RANCHI
50	SRI PRAMOD KUMAR NEOTIA	CHAIBASA
51	SRI NAND KISHOR AGARWAL	KOLKATA
52	SRI RAJ KUMAR DADHICH	ROURKELA
53	SRI MADHU SUDAN DALMIA	KOLKATA
54	SRI NARAIN PRASAD DALMIA	KOLKATA
55	SRI GHANSHYAM DAS AGARWAL	KOLKATA
56	SRI PRAHALAD RAI AGARWAL	KOLKATA
57	SRI DILIP KUMAR GOYAL	JAMSHEDPUR
58	SRI SHANKARLAL AGARWAL	DURGAPUR
59	SRI BHAGWATI PRASAD JALAN	KOLKATA
60	SRI SANJAY SUREKA	KOLKATA
61	SRI PRAMOD KUMAR SHARMA	JHARKHAND
62	SRI BAJRANGLAL MITTAL	KOLKATA
63	SRI JAGADISH CHANDRA AGARWAL	KOLKATA
64	SRI BHAGATRAM GUPTA	BHUBANESHWAR
65	SRI ANAND KUMAR AGARWAL	RAIPUR
66	SRI MADANLAL AGARWAL	CUTTACK
67	SRI RADHESHYAM AGARWAL	JAMSHEDPUR
68	SRI RAJENDRA TOSAWAD	KOLKATA
69	SRI KAMAL KISHOR SHARDA	RAIPUR
70	SRI RAMNATH JHUNJHUNWALA	KOLKATA
71	SRI BANWARILAL MITTAL	KOLKATA
72	SRI ASHISH AGARWAL	RAIGARH
73	SRI RAGHU HARI DALMIA	NEW DELHI
74	SRI DASHRATH KUMAR GUPTA	KOLKATA
75	SRI NITIN MAHESHWARI	JAMSHEDPUR
76	SRI RAJ KUMAR AGARWAL	CUTTACK
77	SRI JAGDISH PRASAD PANDIA	CUTTACK
78	SRI SANDIP KABRA	JAMSHEDPUR
79	SRI DINDAYAL PODDAR	ROURKELA
80	SRI AMIT BERLIA	ROURKELA
81	SRI SANJEEV KUMAR DABRIWAL	KOLKATA
82	SRI PREM KUMAR LIHALA	KOLKATA
83	SRI SAJJAN KUMAR SARAF	KOLKATA
84	SRI BINOD KUMAR AGARWAL	KOLKATA
85	SRI DAU DAYAL AGARWAL	CUTTACK
86	SRI NAND KISHOR AGARWAL	ROURKELA
87	SRI BANWARILAL SHARMA	KOLKATA
88	SRI BIJAY HARLALKA	RAMGARH
89	SRI MANISH DOKANIA	KOLKATA
90	SRI SUBIR PODDAR	KOLKATA
91	SRI JAGDISH CHANDRA MUNDRA	KOLKATA
92	SRI RAMANAND AGARWAL	RAIPUR
93	SRI J.K. SARAFF	KOLKATA
94	SRI ANJANI KUMAR GOYAL	KOLKATA
95	SRI MAHABIR AGARWAL	SUNDERGARH
